### बेटी की विदाई मां-बाप के लिए दुख की घड़ी- अल्लामा जाबिर हुसैन सिद्दीकी

हजारीबाग । रविवार को नूरा, हजारीबाग मोहम्मद हबीब मरहूम के आवास पर एक मज़हबी दीनी सभा का आयोजन किया गया। जिसमें पूरा मोहल्ला, नूरा ,पगमल, अंसार नगर, हजारीबाग के काफ़ी लोगों ने भाग लिया। सभा को संबोधित करते हुए प्रसिद्ध इस्लामिक स्कॉलर अल्लामा जाबिर हुसैन सिद्दीकी ने फरमाया कि- दुनिया में पैदा होने वाली दो ही जातियां होती हैं या बच्ची होती है, या बच्चा होता है। लेकिन, दोनों को पढ़ाने में और दोनों को बढ़ाने में, बाप कोई कसर नहीं बाक़ी रखता है। अपनी पूरी ताक़त से वो, जहां तक उससे उसकी हैसियत के मुताबिक हो पाता है, वो पढ़ाता है और बढ़ाता है। मगर, जब अपनी बेटी को दूसरों के घरों में तैयार करके भेजता है, तो बाप का और मां का कलेजा फट जाता है।


बहुजन हिताय! बहुजन सुखाय!

# सक्षम भारत

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | इन्द्रजीत सिंह, मुख्य संवाददाता/सचिव, CNSI-Delhi

दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश से प्रसारित

www.sakshambharat;net, E-mail : saksham.bharat@hotmail.com

Member : CENTRAL NEWSPAPER SOCIETY OF INDIA DELHI



रिपब्लिकन मजदूर संगठन के सदस्य बनें

E-mail : rmsdp@hotmail.com

अनागरिक गीता भारती भवन
बी-2/370, सुल्तानपुरी
दिल्ली-86



● वर्ष: 24 ● अंक: 26 ● नई दिल्ली ● सोमवार 03 नवम्बर 2025 ● प्रभात कालीन ● मूल्य: 3 रूपया ● पृष्ठ: 4


## जेएनयू छात्रसंघ चुनाव में एबीवीपी ने पेश किया अपना एजेंडा, विकास और जवाबदेही पर रहेगा फोकस



**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में चल रहे छात्रसंघ चुनावों के बीच अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने आज अपने उम्मीदवारों के माध्यम से विश्वविद्यालय की पारंपरिक वैचारिक राजनीति से हटकर छात्रों के वास्तविक मुद्दों पर केंद्रित एजेंडा प्रस्तुत किया है.

अभाविप ने कहा कि अब समय आ गया है जब जेएनयू की राजनीति नकारात्मक विचारधारा से निकलकर पारदर्शिता, जवाबदेही और विकास की राह पर लौटे. संयुक्त सचिव पद के उम्मीदवार अनुज ने कहा कि जेएनयू के छात्र प्रतिभाशाली हैं, लेकिन संसाधनों की कमी उनकी प्रगति में बाधक बनती है. उन्होंने कहा, अभाविप चाहती है कि विश्वविद्यालय में स्पोर्ट्स कोटा लागू हो, खेल मैदानों और जिम की सुविधाओं का नवीनीकरण किया जाए और खेलों को जेएनयू की पहचान के रूप में पुनर्स्थापित किया जाए. अनुज ने आगे बताया कि विज्ञान विभागों की प्रयोगशालाओं में सुधार, आधुनिक उपकरणों की उपलब्धता और एआई आधारित शिक्षा प्रणाली की शुरुआत अभाविप के एजेंडे में प्रमुख रूप से शामिल हैं. उन्होंने कहा कि संगठन का लक्ष्य है कि जेएनयू विचारधारा नहीं, नवाचार का केंद्र बने.

**पारदर्शिता और जवाबदेही पर फोकस**

सचिव पद के उम्मीदवार राजेश्वर कांत दुबे ने विश्वविद्यालय प्रशासन की पारदर्शिता और जवाबदेही पर सवाल उठाए. उन्होंने कहा, किसी भी लोकतांत्रिक परिसर में संवाद और जवाबदेही अनिवार्य हैं. अभाविप सुनिश्चित करेगी कि प्रशासनिक निर्णयों में छात्रों की भागीदारी हो और सीपीओ मैनुअल जैसे असंवेदनशील प्रावधानों की समीक्षा की जाए. राजेश्वर ने आगे कहा कि विश्वविद्यालय में कई स्तरों पर पारदर्शिता की कमी रही है. उन्होंने कहा हमारा उद्देश्य केवल विरोध करना नहीं, बल्कि समाधान प्रस्तुत करना है.,

**स्वास्थ्य और रोजगार पर काम करेगा अभाविप**

अभाविप ने अपने घोषणापत्र में स्पष्ट किया है कि विश्वविद्यालय के विकास के लिए अब ऐसे नेतृत्व की आवश्यकता है जो छात्र-हितों को प्राथमिकता दे. संगठन ने स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, पुस्तकालयों के डिजिटलीकरण, रोजगार उन्मुख कार्यक्रमों की शुरुआत और छात्रवृत्तियों में पारदर्शिता को अपने प्रमुख लक्ष्यों में शामिल किया है. अभाविप का एजेंडा केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं है. संगठन एक ऐसे जेएनयू की परिकल्पना कर रहा है जहां छात्र राजनीति का अर्थ विरोध नहीं, बल्कि निर्माण, नेतृत्व और जवाबदेही हो.

**विचारधारा से आगे विकास की बात**

जेएनयू के केंद्रीय चुनाव समन्वयक अरुण श्रीवास्तव ने कहा कि हम वामपंथी विचारधारा की नकारात्मकता नहीं, बल्कि राष्ट्रवादी सोच और विकास की दिशा में संगठित प्रयास चाहते हैं. अभाविप वह संगठन है जो केवल आवाज़ नहीं उठाता, बल्कि ठोस परिणाम देने का साहस भी रखता है.

## जरूरी काम बताकर बहाने से बुलाया, लड़की पर साथ चलने का बनाया दबाव, राजी नहीं होने पर चाकू से गोदा

**नई दिल्ली ।** दिल्ली के वजीराबाद इलाके में एक नाबालिग लड़की को साथ ले जाने में नाकाम युवक ने उसे चाकू से गोद दिया। आरोपी लड़की को लेकर बिहार जाना चाहता था। लहूलुहान हालत में लड़की अस्पताल पहुंची। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके का मुआयना करने के बाद लड़की के बयान पर आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। उत्तर जिला के पुलिस अधिकारी ने बताया कि 16 साल की पीड़ित लड़की परिवार के साथ झड़ौदा इलाके में रहती है। उसका परिवार मूलतः यूपी के जिला कासगंज का रहने वाला है। वजीराबाद थाने में दर्ज प्राथमिकी में घायल लड़की ने बताया कि करीब एक साल पहले वह मोरी गेट में पैकिंग का काम करती थी, तभी उसकी जान पहचान वहां काम करने वाले सोनिया विहार निवासी एक लड़के से हुई। उसके बाद उसने मोबाइल नंबर ले लिया। दोनों की फोन पर बात होने लगी। लड़की का आरोप है कि तभी से ही वह अपने साथ भागने की जिद करने लगा था। लेकिन उसने हर बार उसे मना कर दिया। दो दिन पहले सुबह करीब 10 बजे उस लड़के ने फोन किया। उसने कहा कि मैं झड़ौदा एमसीडी स्कूल के पास गली में खड़ा हूं, एक जरूरी काम के लिए कुछ बात करनी है। उसके बुलाने पर वह उससे मिलने उस गली में आ गई। आरोप है कि वह लड़की को अपने साथ बिहार ले जाने की जिद करने लगा। लड़की ने मना करने पर वह गुस्से में आ गया और जान से मारने की धमकी देकर उसपर चाकू से पेट पर वार कर दिया। बचाव में लड़की ने अपने हाथ से चाकू पकड़ने की कोशिश की, आरोपी ने दोबारा उसके पेट में चाकू से वार कर दिया और वहां से भाग गया। हमला करने के दौरान आरोपी का मोबाइल वहीं गिर गया। जिसे पुलिस ने अपने कब्जे में कर लिया है। खून से लथपथ हालत में लड़की पेट दबाकर अपनी मां को फोन कर घटना के बारे में बताया और फिर पास के अस्पताल पहुंचकर अपना इलाज करवाया। पुलिस ने मौका मुआयना करने के बाद मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस घटना के बाद से भागे आरोपी की तलाश कर रही है।

## नक्सली हिंसा पर लगाम; सुरक्षा-संबंधी व्यय योजना में अब सिर्फ 38 जिले, 11 जनपद वामपंथी उग्रवाद प्रभावित

**नई दिल्ली ।** केंद्र सरकार के ताजा समीक्षा के मुताबिक देश में नक्सल हिंसा से प्रभावित जिलों की संख्या लगातार घट रही है। अब सुरक्षा-संबंधी व्यय (एसआरई) योजना के तहत आने वाले जिलों की संख्या 46 से घटकर 38 रह गई है। इनमें सिर्फ 11 जिले ही अब वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) यानी वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित माने गए हैं। यह समीक्षा गृह मंत्रालय (एमएचए) ने 15 अक्तूबर को जारी की। ये समीक्षा राष्ट्रीय नीति एवं कार्य योजना 2015 के तहत की गई, जिसमें केंद्र और राज्य मिलकर नक्सल समस्या से निपटते हैं। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, सुरक्षा बलों की सख्त कार्रवाई और विकास कार्यों के असर से नक्सल हिंसा में उल्लेखनीय कमी आई है। यही वजह है कि सुरक्षा-संबंधी व्यय योजना के तहत जिलों की संख्या कम की गई है। देश में अब सिर्फ तीन जिले सबसे अधिक प्रभावित श्रेणी में बचे हैं। इसमें छत्तीसगढ़ के तीन जिले- बीजापुर, नारायणपुर, सुकमा शामिल हैं। साल 2015 में जब यह श्रेणी बनाई गई थी, तब ऐसे 35 जिले थे। अब यह संख्या घटकर तीन पर आ गई है। इन जिलों में नक्सल प्रभाव घट रहा है, लेकिन विकास और सुरक्षा सुदृढ़ीकरण की अभी भी जरूरत है। इसमें छत्तीसगढ़ का कांकेर, झारखंड का पश्चिम सिंहभूम, मध्य प्रदेश का बालाघाट और महाराष्ट्र का गढ़चिरौली शामिल है। ये जिले अब नक्सलवाद से लगभग मुक्त हैं, लेकिन सरकार इन इलाकों में फिर से नक्सल प्रभाव न बढ़े, इसके लिए समर्थन और क्षमता निर्माण जारी रखेगी। इस श्रेणी में ओडिशा के आठ जिले, छत्तीसगढ़ के छह जिले, बिहार के चार जिले, झारखंड के तीन जिले, तेलंगाना के दो और आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल से एक-एक जिला शामिल है।

## हॉस्पिटल में जरूरी दवाओं की किल्लत पर दिल्ली हाईकोर्ट सख्त, आरएमएल अस्पताल से मांगी रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने राम मनोहर लोहिया अस्पताल में इलाज की सुविधाओं की कमी को लेकर दायर एक याचिका पर गंभीर रुख अपनाया है. दिल्ली हाई कोर्ट ने अस्पताल प्रशासन से पूछा है कि जब यहां इलाज के लिए आने वाले मरीजों को जरूरी सुविधाएं नहीं मिल रहीं तो उनकी जिम्मेदारी कौन लेगा. दिल्ली हाईकोर्ट में जस्टिस प्रतिभा एम. सिंह और जस्टिस मनीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की बेंच ने आरएमएल अस्पताल के मेडिकल सुपरिंटेंडेंट को निर्देश दिया है कि वे एक हलफनामा दायर कर यह बताएं कि अस्पताल में न्यूक्लिक एसिड टेस्टिंग सुविधा क्यों बंद है और जरूरी दवाएं मरीजों को उपलब्ध क्यों नहीं कराई जा रही हैं. अब यह मामला 17 दिसंबर को फिर से सुना जाएगा. दिल्ली हाई कोर्ट में यह याचिका एनजीओ कुटुंब ने दायर की है. एनजीओ की ओर से पेश वकील ने दलील देते हुए कहा कि मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक आरएमएल अस्पताल में पिछले एक साल से ब्लड टेस्टिंग मशीन खराब पड़ी है. यह टेस्ट खून में एचआईवी, हेपेटाइटिस बी और सी जैसी घातक बीमारियों का शुरुआती पता लगाने के लिए जरूरी है. वकील ने कहा कि नवंबर 2024 से यह मशीन काम नहीं कर रही, जिसके कारण अब सिर्फ साधारण सेरोलॉजी टेस्ट किए जा रहे हैं. इससे उन मरीजों को बड़ा खतरा है जिन्हें बार-बार खून चढ़ाने की जरूरत होती है, जैसे थैलेसीमिया के मरीज. याचिका में यह भी कहा गया कि अस्पताल में जरूरी दवाओं की भारी कमी है. गरीब मरीजों को दवाएं बाहर की दुकानों से महंगे दामों पर खरीदनी पड़ रही हैं, जिससे सरकारी अस्पताल होने का उद्देश्य ही खत्म हो जाता है. दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी गरीब और जरूरतमंद मरीजों के साथ अन्याय है और इस पर जल्द से जल्द ठोस कदम उठाए जाने जरूरी हैं.

## मेरी दिल्ली-मेरा देश कार्यक्रम में शामिल हुई सीएम रेखा गुप्ता, आत्मनिर्भर भारत पर दिया जोर



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किले में शाम मेरी दिल्ली, मेरा देश नाम से एक भव्य सांस्कृतिक आयोजन हुआ. इस मौके पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना ने एक साथ मंच साझा करते हुए एक भारत, आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को दोहराया. यह आयोजन 1 नवंबर को दिल्ली सहित कई राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों हरियाणा, केरल, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, पंजाब, अंडमान-निकोबार, चंडीगढ़ और लक्षद्वीप के स्थापना दिवस के अवसर पर किया गया. कार्यक्रम में दिल्ली सरकार के मंत्री आशीष सूद, कपिल मिश्रा समेत कई वरिष्ठ अधिकारी, कलाकार, विद्यार्थी और हजारों दर्शक मौजूद रहे. शाम को लाइट एंड साउंड शो, प्रोजेक्शन मैपिंग, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और हेरिटेज वॉक ने पूरे माहौल को रोशनी, संगीत और देशभक्ति से भर दिया. पंजाब के भांगड़ा, केरल के मोहिनीअट्टम और कर्नाटक के यक्षगान जैसे पारंपरिक नृत्यों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया. वहीं प्रसिद्ध गायक बी प्राक के लाइव कॉन्सर्ट ने समूचे लाल किले को देशभक्ति की भावना से सराबोर कर दिया. मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस अवसर पर कहा कि दिल्ली केवल एक शहर नहीं, बल्कि संघर्ष, पुनर्निर्माण और आत्मबल का प्रतीक है. उन्होंने कहा कि दिल्ली ने इतिहास में कई बार कठिनाइयां झेलीं लेकिन हर बार पहले से ज्यादा मजबूती के साथ खड़ी हुई. मुख्यमंत्री ने नागरिकों से अपील की कि अब हमें मिलकर दिल्ली को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाना है. हमें राजधानी से प्रेम करना होगा और गर्व से कहना होगा - 'मेरी दिल्ली, मेरा देश.' मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली की ताकत उसकी विविधता में है. यहां हर राज्य, हर संस्कृति और हर भाषा के लोग रहते हैं, और यही इस शहर की असली पहचान है. उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार का लक्ष्य राजधानी को स्वच्छ, हरित, विकसित और सशक्त बनाना है. उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि वे अपने शहर को साफ रखने, पेड़ लगाने और नियमों का पालन करने में भागीदारी निभाएं. इस मौके पर मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय एकता दिवस पर सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उनकी एकता की भावना आज भी भारत की ताकत है. मुख्यमंत्री ने बताया कि अब दिल्ली में हर राज्य का राज्य दिवस पूरे जोश और भव्यता से मनाया जाएगा ताकि यह शहर मिनी इंडिया की पहचान को और मजबूत करे. शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कहा कि लाल किला न केवल स्वतंत्रता का प्रतीक है, बल्कि यह उन लाखों शरणार्थियों के आंसुओं और संघर्षों का भी गवाह है जिन्होंने विभाजन के बाद दिल्ली में नया जीवन पाया. पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि मेरी दिल्ली, मेरा देश केवल एक नारा नहीं, बल्कि जिम्मेदारी और गर्व का प्रतीक है. उन्होंने कहा कि हर नागरिक जब अपने हिस्से का योगदान देगा, तभी दिल्ली सचमुच देश की राजधानी होने के अर्थ को पूरा करेगी.

# दीप प्रज्वलित कर डॉ संजय निषाद द्वार कार्यक्रम का हुआ शुभारम्भ



### *दीप प्रज्वलित कर तीन दिवसीय श्री सुदिष्ट ब्रह्म बाबा महाराज का वार्षिक पूजन समारोह प्ररम्भ

मेजा, प्रयागराज।

मेजा क्षेत्र के उरुवा विकास खण्ड अंतर्गत परानीपुर स्थित श्रीसुदिष्ट ब्रह्म बबा महाराज पूर्वी परेड ग्राउंड में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी भव्य वार्षिक पूजन समारोह का आयोजन प्रारंभ किया गया।

आयोजन का शुभारंभ निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ संजय निषाद द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। साथ में रहे भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता दुर्गावती इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक सुशील मिश्रा पप्पू गौतम मनीष पांडे अवनीश द्विवेदी सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे। उरूवा वार्ड संख्या 71 से जिला पंचायत प्रत्याशी प्रवीण शुक्ल ने सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।श्री सुदिष्ट ब्रह्म बाबा महाराज के वार्षिक पूजन समारोह का आयोजन निषाद पार्टी के राष्ट्रीय सचिव संजय शुक्ला द्वारा किया जा रहा है।

क्षेत्र में धार्मिक उत्साह का माहौल बना हुआ है। आयोजन समिति ओम श्री सुदिष्ट ब्रह्म ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं निषाद राज पार्टी के राष्ट्रीय सचिव संजय शुक्ला ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ 2 नवम्बर, 2025 (रविवार) को अखण्ड श्री हरि कीर्तन प्रारंभ से होगा।कीर्तन का समापन 3 नवम्बर की सुबह किया जाएगा। इसके बाद श्रीराम चरित मानस पाठ की शुरुआत होगी जो 5 नवम्बर तक चलेगा। मुख्य आकर्षण के रूप में 5 नवम्बर को दोपहर 1 बजे से ब्रह्म महा प्रसाद वितरण होगा, जिसमें दूर-दूर से आने वाले श्रद्धालु भाग लेंगे। भजन मंडली में खुशी पाण्डेय (भदोही), ज्योति पटेल (चित्रकूट), सपना शर्मा (भदोही),आनंद परासर (वाराणसी) और पिंकेश दुबे (प्रयागराज ) अपने सुमधुर भजनों की प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम के संयोजक प्रवीण कुमार शुक्ला, जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी (वार्ड संख्या 71) ने बताया कि श्रद्धालुओं के लिए सभी व्यवस्थाएं की गई हैं। उन्होंने क्षेत्रवासियों से आह्वान किया है कि वे परिवार सहित कार्यक्रम में सम्मिलित होकर महाप्रसाद ग्रहण करें और पुण्य के भागीदार बनें।

# ....सिलसिला शीश देने का कभी भी रुक नहीं सकता




### हिन्दी साहित्य संगम ने आयोजित की काव्य-गोष्ठी

मुरादाबाद।

साहित्यिक संस्था हिन्दी साहित्य संगम की ओर से आज काव्य-गोष्ठी का आयोजन मिलन विहार स्थित सनातन धर्म मिलन धर्मशाला में किया गया। रवि चतुर्वेदी द्वारा प्रस्तुत माँ शारदे की वंदना से आरंभ हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता रामदत्त द्विवेदी ने की। मुख्य अतिथि अशोक विश्नोई एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में ओंकार सिंह ओंकार और रघुराज सिंह निश्चल मंचासीन हुए। कार्यक्रम का संचालन संस्था के महासचिव जितेन्द्र कुमार जौली द्वारा किया गया। उपस्थित कवियों ने विभिन्न सामाजिक विषयों को आधार बनाकर अपनी काव्यात्मक अभिव्यक्ति की।रचना पाठ करते हुए राजीव प्रखर ने सुनाया- जर्जर काया फिर भी बाँटे, सबको अपना प्यार-दुलार।तुलसी सूखी घर-आँगन की, मानो अम्मा हो बीमार। जितेन्द्र कुमार जौली ने सुनाया -बी एड की कक्षा में गुरु जी ने किया सवाल। दर्शन की परिभाषा सुनाओ बेटा रामलाल। रामलाल बोला जब कोई लड़का शादी के लिए लड़की देखने जाता है। तो यह कार्यक्रम दर्शन कहलाता है।। योगेन्द्र वर्मा व्योम- पुष्प ने तो नित्य भँवरों को लुभाया प्यार अपना तितलियों ने भी लुटाया कल्पना थी, तूलिका थी, रंग भी थे खुशबुओं का चित्र फिर भी बन न पाया। डॉ. चिरंजी लाल चंचल ने सुनाया-करें कोशिश भले जुगनू, सितारे हो नहीं सकते।। सहारा ढूंढने वाले, सहारे हो नहीं सकते।। प्रशान्त मिश्र ने हास्य कविता समोसे की तोंद प्रस्तुत करते हुए कहा- फूली तोंद प्रशासन की कर्मठता पर बड़ा सवाल है। अशोक विश्नोई- समस्या अब कैसे हो हल, सोचकर बीते जाते पल। जहाँ ठहरा डर लगता है, बिछी बारूद सम्भल कर चल।। रामदत्त द्विवेदी ने सुनाया- भूत में जो गया बीत वह घटनाक्रम, याद करने से कुछ नहीं फायदा। ओंकार सिंह ओंकार ने सुनाया- माँ गंगा के पावन तट पर, मेरिट लगता भारी है। गंगा नहाने को लोगों ने, छोड़ी दुनियादारी है। रघुराज सिंह निश्चल ने सुनाया- भला सभी का करते रहिए। फूलों जैसे खिलते रहिए। नकुल त्यागी ने सुनाया- जगमग-जगमग दीप जलें दीवाली आयी। मार दशानन राम, लखन संग अवध जानकी आयी। रवि चतुर्वेदी ने सुनाया-कर दिए मातृभूमि का, कदापि चुक नहीं सकता। सिलसिला शीश देने का, कभी भी रुक नहीं सकता।। सुने सब देश के दुश्मन, यही सौगंध अपनी है। तिरंगा देश का अपना, कभी भी झुक नहीं सकता। जितेन्द्र कुमार जौली द्वारा आभार अभिव्यक्ति के साथ कार्यक्रम समापन पर पहुँचा।

# जनता से रूबरू हुए कुन्दरकी विधायक रामवीर सिंह

मुरादाबाद।

कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने आज कुंदरकी विधानसभा के ग्रामों अब्दुल्लापुर, बहापुर, मझरा बहापुर, मिलक बहापुर, मंसूरपुर, फरेदी, जेतिया फिरोजपुर और इंधनपुर नगला का भ्रमण किया। विधायक कुंदरकी ने ग्रामवासियों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को निस्तारण हेतु निर्देशित किया। ठाकुर रामवीर सिंह ने कहा वे जनता की सेवा और सरकार की मंशा के अनुसार काम करने के लिये ही विधायक बने हैं। जनता की समस्याओं का निराकरण कराने के लिए विधायक आपके द्वार कार्यक्रम शुरू किया हूं। मैं गरीब किसान और मजदूर का प्रतिनिधि हूं। ग्रामीणों की समस्याओं से रूबरू होकर उनकी समस्याओं का समाधान करने का पूरा प्रयास करूंगा। पिछले एक साल से आपको केंद्र और रा'य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी के साथ लाभ भी मिल रहा है। मैने सभी कार्यकर्ताओं को आप लोगों के योजनाओं में नामांकन में लगा रखा है, और संबंधित अधिकारी को पात्र व्यक्ति को योजना के लाभ के लिए निर्देशित कर रखा है। विधानसभा के सर्वोत्तम विकास का जो संकल्प आप सभी के सहयोग से मेने लिया था, उसकी प्राप्ति के लिए पूर्ण मनोयोग से लगा हुआ हूं। इस दौरान मंडल अध्यक्ष बबलू जाटव, बृजेश लोधी, 'योति वाल्मीकि, विजेंद्र चौधरी, नसीम पाशा, ग्राम प्रधान जुनैद, अजीम मलिक, जाहिद अली , साजिद अली, गोपेश शर्मा, विजय ठाकुर, शाकिर अली, राकेश कश्यप , मुकेश ठाकुर इरशाद खान ,रोहित चंद्रा, डोरीलाल प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

# हरे पेड़ पौधे जीवन का आधार, इनके बिना जीवन निराधार

मुरादाबाद।

प्रकृति सेवा समिति ट्रस्ट रजि. मुरादाबाद के तत्वाधान में संस्था के पंचम स्थापना दिवस के अवसर पर शुभांकर सिंह की प्रेरणा से लोदीपुर में स्थित के छत्र आर्गेनिक फार्म पर औषधीय पौधे सहजन के 20 पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. देवेंद्र जटराना ने कहा हमे किसी भी अवसर पर पौधरोपण करना एक बहुत अ'छी पहल है।

हम सभी को पौधरोपण को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना चाहिए। युवा उद्यमी समाजसेवी शुभांकर सिंह ने कहा कि पौधे लगाने के लिए हमें अवसर तलाशने चाहिए। क्योंकि पौधे हमारे जीवन के लाभकारी हैप्रकृति सेवा समिति ट्रस्ट के उपाध्यक्ष यशपाल सिंह ने कहा कि कहा कि पौधे मानव जीवन का आधार होते है पौधे के बिना मानव जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। अपने शुभ अवसरों पर पौधारोपण अवश्य करें



ताकि पर्यावरण को संरक्षित किया जा सकें। समिति के कोषाध्यक्ष शुभम कश्यप ने कहा कि वनों की अंधाधुंध कटाई के कारण ही मानवता को बाढ़, भूकंप और सूखे जैसी प्राकृतिक आपदाएं झेलनी पड़ रही हैं। पिछले कुछ दशकों में वनों की अंधाधुंध कटाई हुई है। जिससे वन क्षेत्र में काफी कमी आई है। भावी पीढ़ियों को स्व'छ और स्वस्थ पर्यावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रत्येक नागरिक को पौधारोपण में सहयोग करना चाहिए। एनवायरनमेंट एक्टिविस्ट हरवेंद्र सिंह ने कहा हरे पेड़ पौधे जीवन का आधार है इनके बिना जीवन निराधार है अतः सुरक्षित जीवन के लिए जल ,वायु ,जंगल, जमीन, जंतु संरक्षण और संवर्धन अवश्य करें। जिसके लिए प्रकृति सेवा समिति ट्रस्ट मुरादाबाद आप सभी के निरंतर सहयोग से सतत् प्रयासरत है। बताते चले कि आगामी समय में प्रकृति सेवा समिति ट्रस्ट मुरादाबाद के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में एक प्रकृति को समर्पित राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित होने जा रहा है इसमें देश भर के चुनिंदा पद्मश्री विभूषित महान विभूतियां भी मार्गदर्शन के लिए उपस्थित रहेंगी और प्रकृति को समर्पित राष्ट्रीय सेमिनार में देश भर के जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले पर्यावरण प्रेमियों योद्धाओं को सम्मानित भी किया जाएगा। जिसकी सूचना बहुत जल्द ही सार्वजनिक की जाएगी।इस अवसर पर वरिष्ठ समाज सेवी देवेंद्र सिंह जटराना, युवा समाजसेवी शुभांकर सिंह, संस्था के उपाध्यक्ष यशपाल सिंह, कोषाध्यक्ष युवा पर्यावरण चिंतक शुभम कश्यप , सदस्य एनवायरनमेंट एक्टिविस्ट हरवेंद्र पाल , सदस्य राजू सिंह ,प्रियंका, हर्ष पाल, यशोदा, रिंकी, खुर्शीद अली, अफ्सर अली सहित अन्य स्थानीय निवासी उपस्थित रहे।

# जनता के बीच पहुंचे शहर विधायक, सुनी समस्याएं

मुरादाबाद।

नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत गोविंद नगर वार्ड संख्या-12 में आयोजित जनता जार्दन दरबार कार्यक्रम में नगर विधायक रितेश गुप्ता ने क्षेत्र की जनता से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। इस अवसर पर विधायक रितेश गुप्ता ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र की जनता से जुड़ी हर समस्या का समाधान करना मेरी प्राथमिकता है। जनता की सेवा में किसी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाएगी। जो भी निर्णय जनता के बीच से आएगा, वही मेरे लिए सर्वोपरि और मान्य होगा।उन्होंने बताया कि आज लगाए गए शिविर में क्षेत्र के नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी विभिन्न समस्याओं को रखा। कुछ नागरिकों ने पुलिस संबंधित शिकायतें भी प्रस्तुत कीं, जिन पर विधायक ने तत्काल उ'च अधिकारियों से वार्ता कर शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए। विधायक ने



कहा किआप सब लोग मेरे परिवार का हिस्सा हैं। आपकी परेशानी मेरी अपनी परेशानी है। यदि किसी को कोई भी समस्या हो तो बेझिझक मुझसे सीधे संपर्क करें। मैं सदैव आपके साथ हूँ।नगर विधायक के मीडिया प्रभारी विपिन गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोग पहुँचे और सड़क, बिजली, आवास योजना, आयुष्मान कार्ड, तथा मुख्यमंत्री आवास योजना सहित कई जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित समस्याएं रखीं। विधायक ने सभी शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।कार्यक्रम में पार्षद प्रशांत गजेन्द्र लोधी, मंगलसेन राजपूत, ऋषि भारद्वाज, गीतू प्रजापति, हरीश प्रजापति, वेदप्रकाश शर्मा, विजेन्द्र त्यागी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# भगवान श्रीहरि चातुर्मास में बलि महाराज को आतिथ्य में रहते हैं: अर्द्धमौनी

मुरादाबाद। हरिधाम, सरस्वती विहार, गोविन्द नगर में आयोजित देव उत्थान एकादशी महोत्सव में आचार्य धीरशान्त अर्द्धमौनी ने बताया कि भगवान श्रीहरि चातुर्मास में महाराज बलि के विशेष अतिथि बनकर पाताल लोक में रहते है। जिसे लोग विभिन्न रुपों में परिभाषित करते हैं जैसे कि देवता सो गए हैं, शुक डूबा हुआ है, तारा अस्त है। वास्तविकता यह है कि वामन अवतार लीला में भगवान श्रीहरि की सर्वो'च सेवा जिसे बलिहार अर्थात बलि ने अपना सबकुछ भगवान को अर्पित करते हुए उनका चरण अपने मस्तिष्क पर धारण किया। तभी से भगवान महाराज बलि के पाताल लोक में चातुर्मास का प्रवास करने लगे। चौदह लोकों के स्वामी है भगवान श्रीहरि उनके ऊपर वैकुण्ठ लोक में स्वयं भगवान श्रीहरि अपने पार्षदों के साथ नित्य लीला प्रविष्ट रहते है। नित्य प्रेमपूर्वक श्रीभगवान का स्मरण करने से सदा शुभ शकुन होंगे, सब प्रकार से मंगल होगा और आदि मध्य तथा परिणाम में सब कल्याण होगा। भगवान दामोदर आपके उदर को बाँधने वाली दीप्तिमान रस्सी को प्रणाम करते हैं, आपकी प्रियतमा श्रीमती राधारानी के चरणों और अनंत लीलायें करने वाले आप परमेश्वर को हमारा प्रणाम है। शांत जीवन की सुंदरता भागदौड़ से दूर, जब जीवन धीमी चाल से चलता है, तो हर पल का स्वाद महसूस होता है। शांति में ही असली सुख और सृजन बसते हैं। जहाँ कम शब्द, कम चाहतें और ज़्यादा सुकून हो वहीं जीवन सच में सुंदर होता है। जहाँ हरिभक्ति एवं सेवा में आनंद है मन को ठहराव वहीं मिलता है, जब आत्मा जल जैसी शान्त हो जाए।जहाँ विचार नहीं, संतुलन बहता है। शांति कोई स्थान नहीं, वो भीतर की अवस्था है जिस दिन मन स्थिर हो गया,उसी दिन जीवन सुंदर हो गया। देवउठनी एकादशी वह दिन है जब भगवान विष्णु चार महीने के विश्राम के बाद जागते हैं और चतुर्मास नामक काल का अंत करते हैं। इस दिन से, विवाह, अनुष्ठान और नई शुरुआत जैसे सभी शुभ कार्य फिर से शुरू हो जाते हैं। जिस प्रकार ईश्वर जागृत होते हैं, उसी प्रकार हमें भी अपने विराम से उठकर कार्य करना होगा, आगे बढ़ना होगा और अपने उद्देश्य के साथ पुनः जुड़ना होगा। आयोजन में पंकज सिंह हरिदास, नीतू सिंह, रन्जीत सिंह, सोनी सिंह, सचिन सिंह, मोनिका सिंह, सुनील कुमार, मीनाक्षी सिंह, शुभम, कंचन, रानू, शिवी, अनूप, खुशबू , शिवम कश्यप, अमीषा हरिदासी, अनुष्का राधा दासी, आराध्या, विभू, राध्या, कृष्णा, ध्रुव कश्यप, विनायक, विराट आदि ने सहयोग दिया।

